हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय, श्रीनगर (गढ़वाल) उत्तराखण्ड – 246174
केन्द्रीय विश्वविद्यालय
Hemwati Nandan Bahuguna Garhwal University,Srinagar(Garhwal),Uttarakhand-246174
(A Central University)

दूरभाष (01346)-252143,252167, 252170
फैक्स (01346)-252174,252247
वेबसाइट– Website www.hnbgu.ac.in

पत्रांक :–मान्यता/ 5285 दिनांक- 20-10-15

सेवा में,
प्राचार्य,
डी0डब्ल्यू0टी0कालेज,
देहरादून।

महोदय,

एन0सी0टी0ई0 विनियम 2014 के अन्तर्गत कुछ शर्तों के साथ दी गई दो वर्षीय बी0एड0 पाठ्यक्रम की संशोधित मान्यता, विश्वविद्यालय निरीक्षण समिति की संस्तुति दिनांक 09.10.2015 और महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा समिति को दिये गये 31 बिन्दुओं के शपथ पत्र के आधार पर कुलपति महोदय द्वारा डी0डब्लू0टी0 कालेज, देहरादून को अधिनियम की धारा 4 (f) एवं 46 (2) के अनुसार बी0एड0 पाठ्यक्रम में एक युनिट (50 सीट) के साथ सत्र 2015–16 से सम्बद्धता की स्वीकृति इस प्रतिबन्ध के साथ प्रदान की गई है कि एन0सी0टी0ई0 के पत्र संख्या–F.No./NRC/NCTE/UP-32/2015/119464 दिनांक 28 जुलाई, 2015 के पैरा 5 एवं 7 में अंकित प्रतिबन्धों को पूर्ण करना होगा।

सम्बद्धता के अन्य प्रतिबन्ध निम्नवत होगें:–

1. **महाविद्यालय को एक माह के अन्तर्गत सोसाइटी पंजीकरण का नवीनीकरण पत्र की सत्यापित छायाप्रति विश्वविद्यालय को उपलब्ध करानी होगी।**
2. महाविद्यालय को यू0जी0सी0 द्वारा निर्धारित शैक्षिक अर्हता धारक शिक्षकों की नियुक्ति करनी होगी।
3. महाविद्यालय द्वारा एस0सी0/एस0टी0/ओ0बी0सी0 के छात्रों को नियमानुसार आरक्षण देना होगा।
4. महाविद्यालय द्वारा शिक्षको को यू0जी0सी0 द्वारा निर्धारित वेतन का भुगतान एकाउन्ट पे के माध्यम से करना होगा।
5. महाविद्यालय को कुलपति महोदय एवं स्टेटयूटरी बाडी द्वारा जारी आदेश/निर्देशों का पूर्णतया पालन करना होगा।
6. महाविद्यालय दूसरे विश्वविद्यालय का दूरस्थ शिक्षा अध्ययन केन्द्र संचालित नही करेगा।
7. महाविद्यालय विश्वविद्यालय द्वारा मांगी गई सूचनाओं को उपलब्ध कराने हेतु बाध्य होगा।

भवदीय

कुलसचिव

प्रतिलिपिः– 1. उपकुलसचिव परीक्षा।
2. विशेष कार्याधिकारी, कुलपति सचिवालय को सादर सूचनार्थ।
3. गार्ड फाइल।

कुलसचिव